**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 1512**
**गुरुवार, 13 फ़रवरी, 2025/24 माघ, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**हवाई अड्डों पर सुरक्षा**

**1512. श्री तेजस्वी सूर्याः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रौद्योगिकी के उपयोग सहित हवाई अड्डों पर सुरक्षा में सुधार के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या यह सच है कि बेहतर सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ कार्मिकों की संख्या में वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यात्रियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने और हवाई अड्डों पर सुरक्षा जांच के दौरान प्रतीक्षा समय को कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं और ऐसे उपायों का क्या प्रभाव पड़ा है; और

(घ) कितने हवाई अड्डों ने डजीयात्रा को अपनाया है और कितने यात्रियों ने डिजीयात्रा की शुरूआत के बाद से इसका उपयोग किया है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) : भारत में हवाईअड्डों को सीसीटीवी, एटीआरएस/एक्स-बीआईएस, डीएफएमडी, एचएचएमडी और ईटीडी आदि जैसे सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। कुछ प्रमुख हवाईअड्डे उन्नत सुरक्षा प्रणालियों और उपकरणों जैसे डुअल व्यू एक्सबीआईएस, बायोमेट्रिक एक्सेस कंट्रोल सिस्टम, कतार प्रबंधन प्रणाली, एटीआरएस (ऑटोमोटिव ट्रे रिट्रीवल सिस्टम), पीआईडीएस (परिधि घुसपैठ पहचान प्रणाली), रिमोट स्क्रीनिंग और डिजी यात्रा- चेहरे से पहचान आधारित प्रवेश से सुसज्जित हैं।

(ख) : जी हाँ, बीसीएएस के नेतृत्व वाली समिति द्वारा किए गए सर्वेक्षण/पुनः सर्वेक्षण के आधार पर हवाईअड्डों पर सीआईएसएफ जनशक्ति की संख्या में वृद्धि की जाती है। वर्ष 2022 में सीआईएसएफ की स्वीकृत संख्या 34587 से बढ़कर 45884 हो गई है।

(ग) सुरक्षा जाँच के दौरान यात्रियों की सुचारू आवाजाही तथा प्रतीक्षा समय को कम करने के लिए निम्नलिखित उपाय लागू किए गए हैं।

i) सुरक्षा के दौरान यात्रियों की सहायता के लिए ग्राहक सेवा सहयोगी।

ii) जहाँ भी आवश्यक हो, सुरक्षा जाँचबिंदु लेनों की संख्या में वृद्धि।

iii) संवर्धित सुरक्षा अवसंरचना के आधार पर सीआईएसएफ जनशक्ति में वृद्धि।

iv) हवाईअड्डों पर निर्बाध और परेशानी मुक्त अनुभव प्रदान करने के लिए डिजी यात्रा को लागू किया गया है।

vi) होर्डिंग/साइनेज के माध्यम से सुरक्षा प्रक्रियाओं के बारे में यात्रियों को जागरूक करना।

(घ) : वर्तमान में, डिजी यात्रा 24 हवाईअड्डों अर्थात दिल्ली, बैंगलोर, अहमदाबाद, कोचीन, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, पुणे, वाराणसी, विजयवाड़ा, गोवा (मोपा), चैन्ने, विशाखापट्ट्नम, भुवनेश्वर, कोयंबटूर, डाबोलिम, इंदौर, बागडोगरा, रांची, पटना और रायपुर हवाईअड्डों पर उपलब्ध है। अपनी शुरुआत के बाद से, डिजी यात्रा सक्षम हवाईअड्डों के माध्यम से यात्रा करने के लिए यात्रियों द्वारा डिजी यात्रा का 4.42 करोड़ से अधिक बार उपयोग किया गया है।

*****